Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006
Participants : Varma Shri Ratilal Kalidas,Mohale Shri Punnulal

an>

Title : Need to launch a special recruitment drive to fill up vacancies of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in various Offices in the Country.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, पूरे देश में आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए सभी श्रेणी के लाखों-करोड़ों पद अभी तक भरे नहीं गए हैं। लगभग 20 वर्ाों से पूरे देश में इस पर ध्यान नहीं दिया गया है, यह एक शर्मनाक बात है। सरकार कहती है कि वह अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की हितैाी है। इसलिए मैं सरकार से मांग करूंगा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जो पद रिक्त पड़े हुए हैं, उनकी भर्ती के लिए एक विशो अभियान या योजना चलाई जाए। कई बार इस तरह का अभियान या योजना चलाने का कार्यक्रम रखा जाता है, लेकिन वह विशो अभियान केवल कागजी अभियान बनकर रह जाता है। कुछ पदों की भर्ती की जाती है, कुछ पदों के लिए यह कह दिया जाता है कि आवेदन नहीं आते हैं, यह कहकर टाल-मटोल की जाती है। कुछ जगहों पर उनसे जो आवेदन मांगे जाते हैं और ज्ञापन निकलता है, उसकी सूचना उन्हें नहीं मिल पाती है। इस तरह कि तमाम रोड़े अटकाए जाते हैं। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि भारत के समस्त श्रेणियों के पदों को विशो अभियान चलाकर भरा जाए और उसमें सहभागी न बनने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए जुर्माने और सजा का प्रावधान किया जाए जिससे वे अपनी मर्यादा एवं अनुशासन में रहकर कार्य करें। इस मैं यह मांग करता हूँ कि एक समयबद्ध कार्यक्रम चलाकर इसी वर्ा सभी रिक्त पदों की भर्ती की जाए।

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धंधुका) : महोदय, मैं स्वयं को इसके साथ एशोसिएट करना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : वर्मा जी को भी इनके साथ एशोसिएट कर दीजिए।

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : उपाध्यक्ष महदोय, मैं अपने को इससे एसोसिएट करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक है।